हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

28 **मई** 2026 18:10

मुख्य समाचार

==================================

- केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने विद्यार्थियों को पुनर्मूल्याकन प्रक्रिया के दौरान सभी शिकायतों के समाधान का आश्वासन दिया।

- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पानीपत में इलेक्ट्रिक बस डिपो का उद्घाटन किया और विभिन्न जिलों के लिए 80 इलेक्ट्रिक सिटी बसें रवाना की।

- मुख्यमंत्री ने कहा कि 10 नए इलेक्ट्रिक बस अड्डे बनाए जाएंगे ।

- भारतीय जनता पार्टी ने डॉक्टर अर्चना गुप्ता को हरियाणा और केवल सिंह ढिल्लों को पंजाब का अध्यक्ष नियुक्त किया ।

- मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बागवानी क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए कटाई के बाद प्रबंधन, पौध कीट नियंत्रण और रोगों के नए विषयों पर मास्टर डिग्री और पीएचडी शुरू करने की घोषणा की।

- आज हरियाणा और चंडीगढ़ में ईद का त्योहार पूरे श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया।

==

केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने विद्यार्थियों को आश्वस्त किया है कि केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड -CBSE द्वारा शुरू की गई नई ऑन-स्क्रीन मार्किंग- OSM प्रणाली अधिक पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक प्रगतिशील साधन है। श्री प्रधान ने नई दिल्ली में CBSE अधिकारियों के साथ बैठक के बाद संवाददाताओं से बातचीत में यह बात कही। CBSE कक्षा

12वीं की परीक्षा के पुनर्मूल्यांकण पोर्टल में OSM प्रणाली में विसंगतियों और तकनीकी खराबी को लेकर श्री प्रधान ने स्वीकार किया कि कुछ मुद्दे सामने आए हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को आश्वासन दिया कि चल रही पुनर्मूल्याकन प्रक्रिया के दौरान सभी शिकायतों का समाधान किया जाएगा।

====================================

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज पानीपत में इलेक्ट्रिक बस डिपो का उद्घाटन किया तथा विभिन्न जिलों के लिए 80 इलेक्ट्रिक सिटी बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि पानीपत की ऐतिहासिक और पावन धरती से आज हरियाणा में स्वच्छ, आधुनिक और पर्यावरण अनुकूल परिवहन व्यवस्था के नए युग की शुरुआत हुई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इलेक्ट्रिक बस सेवा से पेट्रोल और डीजल पर निर्भरता कम होगी, प्रदूषण में कमी आएगी तथा लोगों को सुरक्षित, आरामदायक और आधुनिक यात्रा सुविधा मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पानीपत में लगभग 7 करोड़ रुपए की लागत से अत्याधुनिक इलेक्ट्रिक बस डिपो तैयार किया गया है। इसके अलावा प्रदेश के 8 अन्य जिलों में भी इलेक्ट्रिक बस डिपो निर्माणाधीन हैं, जहां बसों की चार्जिंग की आधुनिक व्यवस्था उपलब्ध करवाई जाएगी। साथ ही एक वर्ष के भीतर 10 नए इलेक्ट्रिक बस अड्डे बनाए जाएंगे तथा भविष्य में अधिक से अधिक इलेक्ट्रिक बसें खरीदी जाएंगी।

उन्होंने कहा कि सरकार बसों को रेलवे की तर्ज पर ट्रैकिंग सिस्टम से जोड़ने पर भी कार्य कर रही है, जिससे यात्री मोबाइल ऐप के माध्यम से बसों की लोकेशन और आगमन समय की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे।

====================================

भारतीय जनता पार्टी ने हरियाणा और पंजाब के नए प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किए हैं। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने हरियाणा में अर्चना गुप्ता और पंजाब में सरदार केवल सिंह ढिल्लों को ये जिम्मेदारी सौंपी है।

प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर डॉ. अर्चना गुप्ता ने कहा -

डॉ. अर्चना गुप्ता पीजीआई रोहतक से एमडी की डिग्री हासिल की।वो पेशे से रेडियोलाजिस्ट हैं और भाजपा में लंबे समय से सामाजिक और संगठनात्मक गतिविधियों से जुड़ी रही हैं। वर्ष 2010 से 2016 तक उन्होंने विश्व हिंदू परिषद में जिला सह-संयोजिका, संयोजिका और हरियाणा की उपाध्यक्ष जैसी जिम्मेदारियां निभाईं। उन्होंने महिला मोर्चा में संगठनात्मक काम किया और पानीपत क्षेत्र में पार्टी को मजबूत करने में भूमिका निभाई। वर्ष 2019 के लोकसभा और विधानसभा चुनावों में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में सक्रिय प्रचार किया। खास तौर पर महिला मतदाताओं के बीच उनकी मजबूत पकड़ मानी जाती है।

=====================================

भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष का कार्यभार मिलने पर बधाई दी।
उन्होंने लिखा कि डॉ. अर्चना गुप्ता को हरियाणा भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के मार्गदर्शन व आपके नेतृत्व में संगठन और अधिक सशक्त होगा। उन्होंने कहा, भाजपा की जनसेवा, सुशासन और राष्ट्रहित की विचारधारा प्रदेश के प्रत्येक कार्यकर्ता तक नई ऊर्जा के साथ पहुंचेगी।
=====================================

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज करनाल की केंद्रीय मृदा लवणता अनुसंधान संस्थान में “उद्यानिकी फसलों हेतु गुणवत्तापूर्ण बीज एवं रोपण सामग्री का रणनीतिक प्रतिमान” विषय पर चार दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया। सम्मेलन का आयोजन लेफ्टिनेंट अमित सिंह स्मृति न्यास के सहयोग से किया गया है।
मुख्यमंत्री ने कहा कि यह केवल सम्मेलन नहीं, बल्कि विकसित भारत के कृषि विजन का संगम है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि महाराणा प्रताप बागवानी कम समय में किसानों के लिए उम्मीद का केंद्र बन गया है।

उन्होंने बागवानी क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए कटाई के बाद के प्रबंधन, पौध कीट नियंत्रण और रोगों के नए विषयों पर भी मास्टर डिग्री और पी.एच.डी. शुरु करने की घोषणा की। उन्होंने विश्वविद्यालय को 14 विज्ञान केंद्र प्रदान करने की घोषणा भी की। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये केंद्र किसानों तक गुणवत्तापूर्ण पौध सामग्री और वैज्ञानिक सलाह पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

उन्होंने कहा कि विकसित भारत का सपना विकसित कृषि के बिना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण बीज और रोगमुक्त पौध सामग्री से कृषि उत्पादन में 15 से 25 प्रतिशत तक और बागवानी फसलों में उत्पादन बीज गुणवत्ता से 30 से 40 प्रतिशत तक बढ़ाया जा सकता है।

==

आज हरियाणा और चंडीगढ़ में ईद उल अजहा का त्यौहार श्रद्धा, सौहार्द और उल्लास के साथ मनाया गया ।

======================================